कुल 213,38 करोड रुपये की [अनुमोदित की गई थी, जिसकी वित्त-व्यवस्था के लिए 160·06 करोड रुपये की राशि राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों से जुटाई जानी थी और 53.32 करोड रुपये केन्द्रीय सहायता के रूप मे आवटित किए गए थे । अनुमोदित परिव्यय के क्षेत्रवार वितरण का विवरण सभा पटल पर प्रस्तुत है । [ग्रन्थालय मे रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 10456/76]

(ग) राज्य के पिछडे क्षेत्रो से जनजातीय क्षेत्रों की सख्या अधिक है । इन क्षेत्रों के लिए एक उप-योजना बनाई गई है जिसके लिए धन की व्यवस्था सामान्य राज्य योजना के आवंटनो और इसके लिए दी गई अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता से की गई है। जनजातीय क्षेत्रो से सम्बन्धित विशेष केन्द्रीय निधि से इस वर्ष राज्य को 506 लाख रुपये अतिरिक्त राशि के रूप मे आवटित किए गए थे ।

आकाशवाणी केन्द्रों की स्थापना

715. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :** क्या **सूचना और प्रसारण** मत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) मध्य प्रदेश तथा राजस्थान के किन-किन स्थानो मे सरकार आकाशवाणी केन्द्रो की स्थापना करना चाहती है ,

(ख) क्या इन राज्यो मे लगाये जा रहे ट्रासमीटर उतने शक्तिशाली नही हैं जिनसे सभी क्षेत्रो को समान रूप से लाभ पहुच सके , और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इन केन्द्रो मे अधिक शक्तिशाली ट्रासमीटर लगाने का है और यदि हा, तो इस बारे मे क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री वसंतवीर सिंह) : (क) आकाशवाणी के केन्द्र फिलहाल निम्नलिखित स्थानो पर स्थापित किये जा रहे हैं :—

1 **मध्य प्रदेश**

(1) अम्बिकापुर

(2) छतरपुर

(3) जगदलपुर

(4) रीवां

2 **राजस्थान**

(1) सूरतगढ

(ख) और (ग) इन स्थानो पर लगाए जा रहे ट्रासमिटरो का उद्देश्य राज्य के भीतर यथा सभव अधिक से अधिक क्षेत्रो के लिए प्रसारण सेवा प्रदान करना है। उपर्युक्त परियोजनाओ के मुकम्मल हो जाने पर, मध्य प्रदेश के लगभग 85 प्रतिशत क्षेत्र और 87 प्रतिशत जनसख्या तथा राजस्थान के 77 प्रतिशत क्षेत्र और 78 प्रतिशत जनसख्या के लिए प्राथमिक प्रसारण सेवा उपलब्ध की जा सकेगी ।

मोपेडों का उत्पादन

716. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :** क्या **उद्योग और नागरिक पूर्ति** मत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) देश मे सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र मे अलग-अलग (आटोसाइकिल) बनाने वाली कितनी फैक्ट्रिया है और उनका वार्षिक उत्पादन कितना है ,

(ख) कितनी फैक्ट्रिया निर्माणाधीन हैं और क्या इनमे उत्पादन इस वर्ष प्रारम्भ होने की सभावना है, और

(ग) मोपेड के विक्रयहेतु सरकार द्वारा अपनाई गई नीति क्या है ?

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : (क) और (ख). सरकारी क्षेत्र मे मोपेडो का निर्माण करने वाला कोई एकक नही है। गैर सराकारी क्षेत्र मे मोपेडो का निर्माण करने वाले पाच एकक है और 1975 मे उनका उत्पादन 34,710 नग था। गैर सरकारी क्षेत्र को एक नये एकक मे 5-2-76 से उत्पादन आरम्भ हो गया है। आशा है कि 1976 के अन्त तक सरकारी क्षेत्र के एक एकक और गैर-सरकारी क्षेत्र के एक अतिरिक्त एकक मे उत्पान आरम्भ हो जायेगा।

(ग) सरकार ने 30-7-1975 से मोपेडो और आटो-साइकिलो की बिक्री और वितरण पर से कानूनी नियत्रण हटा लिया है।

नेपा मिल्स में अनियमितायें तथा धन का दुर्विनियोग

717. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :** क्या **उद्योग और नागरिक पूर्ति** मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को जुलाई, 1975 मे कुछ ससद् सदस्यो से नेशनल न्यूजप्रिट एण्ड पेपर मिल्स (नेपा मिल्स), नेपानगर मे चल रही कतिपय अनियमितताओ तथा घोटालो के बारे मे कुछ शिकायतें प्राप्त हुई है ;

(ख) यदि हा, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या है, और

(ग) उस पर सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये है ?

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य) : (क) से (ग) जुलाई, 1975 मे ससद् सदस्यो से इस मंत्रालय में अनियमितताओं/गबनो के बारे मे कोई भी शिकायतें नही मिली है। फिर भी, एक ससद् सदस्य से मार्च, 1975 मे मिली कुछ शिकायतो की जाच की जा रही है ।

Scarcity of cement

718 PROF. NARAIN CHAND PARASHAR. Will the Minister of INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether cement is available in the open market in some States,

(b) if so, names thereof;

(c) whether there is still scarcity of cement in some other states and cement is not available for domestic construction purposes even by the weaker sections of society; and

(d) if so, names of such States and steps being taken to remove the scarcity?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES (SHRI B. P MAURYA) (a) to (d) Yes, Sir Cement is now available in open market almost in all the States However, reports have been received from the Punjab that some scarcity of cement is being felt in a few towns of that State To improve the position, an additional allocation of about 40,000 tonnes has been made to the Punjab and supplies to these areas are being stepped up on urgent basis

Pogrammes by A.I.R. to highlight the 13 Point Plan for Prohibition

719. PROF. NARAIN CHAND PARASHAR: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether any special effort has been made by the All India Radio to highlight the importance of the 13-point plan for promoting prohibition